संपादकीय

## यह युद्ध का समय नहीं

यह महज संयोग है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मास्को में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और वियना में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ वैश्विक शाति के लिए बुद्ध के उपदेशों पर चर्चा करते हुए अपनी बात को दोहरा रहे थे कि यह युद्ध का समय नहीं है, लगभग उसी समय वाशिंगटन में अमेरिका की अगुवाई वाले नाटो के सदस्य देश रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में घी डालने का काम कर रहे थे।

उनका विश्वास है कि रूस युद्ध का समर्थक है और उसने यूक्रेन पर आक्रमण किया है। इतना ही नहीं, रूस यूरोप सहित पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है।

इसलिए नाटो देशों ने घोषणा की है कि अगले एक वर्ष के दौरान यूक्रेन को 40 अरब यूरो डॉलर की सैन्य सहायता दी जाएगी। फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है जिसमें हजारों निदरेष नागरिक मारे गए हैं।

यह सब जानते हुए भी अमेरिका और पश्चिमी देश रूस को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं। अमेरिका यूक्रेन को अभी तक 50 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता दे चुका है। हाल में उसने घोषणा की है कि वह 2026 में जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलें तैनात करेगा।

इसका उद्देश्य रूस की चुनौतियों का सामना करना है। इसका स्पष्ट मतलब है कि अमेरिका और पश्चिमी देश नहीं चाहते कि शाति वार्ता की मेज पर एक साथ बैठ कर विमर्श करें।

राष्ट्रपति पुतिन इस सकेत से अनजान नहीं हैं। शायद इसीलिए उन्होंने पिछले महीने स्विटजरलैंड में आयोजित यूक्रेन शाति सम्मेलन में शामिल होने से इंकार कर दिया।

पश्चिमी देश पुतिन को आक्रमणकारी और रक्त पिपासू ठहराते हैं लेकिन यह सच नहीं है। वस्तुत: यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने की घोषणा के कारण पुतिन को अपने पड़ोसी पर हमला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सही मायने में नाटो का विस्तार रूस की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है।

चीन का भी ऐसा ही मानना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर को 19वीं सदी की उस ऐतिहासिक वियना कांग्रेस की याद दिलाई जिसने यूरोप में शाति और स्थिरता कायम करने में महती भूमिका निभाई थी।

चांसलर नेहमर को विश्वास है कि भारत रूस-यूक्रेन शाति प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लेकिन हकीकत यह है कि इस शाति प्रक्रिया में नाटो को आगे आना होगा वरना पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की चपेट में आ सकती है।

## प्राकृतिक गैस की खपत जून में सालाना आधार पर 7.1 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली




घरेलू स्तर पर प्राकृतिक गैस की खपत में सालाना आधार पर 7.1 प्रतिशत की बढ़त जून में देखने को मिली है। इस कारण प्राकृतिक गैस आयात में भी 11.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

जून में प्राकृतिक गैस की खपत 5,594 मिलियन मैट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एमएमएससीएम) थी, जिसमें से 2,648 एमएमएससीएम का आयात किया गया और 2,993 एमएमएससीएम का घरेलू स्तर पर उत्पादन किया गया।

अप्रैल से जून तिमाही में प्राकृतिक गैस की खपत में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत की बढ़त हुई है। वहीं, घरेलू स्तर पर उत्पादन में 5.7 प्रतिशत और आयात में 0.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एलएनजी की कीमत बीते चार महीने में 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

जापान कोरिया मार्कर (जेकेएम) जो कि एशिया में एलएनजी का बेंचमार्क है, वहां जून में औसत प्राकृतिक गैस की कीमत 12.6 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रही है।

रिफाइंड प्रोडक्ट्स की खपत 2.6 प्रतिशत बढ़कर 20 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) हो गई है। एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की मांग में 11.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पेट्रोल की मांग 7 प्रतिशत, डीजल की मांग 1.6 प्रतिशत और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की मांग में 5 प्रतिशत की बढ़त हुई है।

कच्चे तेल के आयात में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की कमी आई है और जून में यह 18.5 एमएमटी रहा है। हालांकि, कीमत अधिक होने के कारण आयात बिल 11 प्रतिशत बढ़कर 11.11 बिलियन अरब डॉलर हो गया है। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत जून में 82.61 डॉलर प्रति बैरल रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 74.70 डॉलर प्रति बैरल थी।

## एलआईसी के शेयर में बंपर तेजी, एक साल में दिया करीब 80 प्रतिशत का रिटर्न

मुंबई




देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एलआईसी) के शेयर में बीते एक वर्ष में बंपर 78 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। शेयर में तेजी की वजह सरकारी शेयरों की तरफ निवेशकों के रुझान और कंपनी के प्रदर्शन को माना जा रहा है।

शेयर की कीमत गुरुवार दोपहर 12.30 बजे 1,101 रुपये थी, जो कि 18 जुलाई, 2023 को 620 रुपये थी। एलआईसी का प्रदर्शन बीते एक वर्ष में काफी अच्छा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की आय 8.46 लाख करोड़ रुपये रही, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में 7.84 लाख करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 35,997 करोड़ रुपये से बढ़कर 40,885 करोड़ रुपये हो गया।

अन्य इंश्योरेंस सेक्टर के शेयरों की बात करें तो एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने करीब दो प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। बीते एक वर्ष में एचडीएफसी ग्रुप की लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के शेयर की कीमत 656 रुपये से घटकर 645 रुपये रह गई है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने पिछले एक वर्ष में करीब 24 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसके शेयर का भाव 1628 रुपये है, जो कि 18 जुलाई, 2023 को 1,314 रुपये था।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के शेयर ने बीते एक वर्ष में 12 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। 18 जुलाई, 2024 को इसके शेयर का भाव 642 रुपये पर था जो कि 18 जुलाई, 2023 को 574 रुपये पर था।

पिछले एक वर्ष में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बेंचमार्क निफ्टी ने 24 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दिया है। इस वर्ष की शुरुआत से अब तक निफ्टी 13 प्रतिशत, बीते छह महीने में 14 प्रतिशत और पिछले एक महीने में 4.40 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है।

## 2024 की पहली छमाही में रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी निवेश 15 प्रतिशत बढ़क 3 अरब डॉलर हुआ

मुंबई

भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश 2024 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 3 अरब डॉलर हो गया है, जो कि एक वर्ष पहले समान अवधि में 2.6 अरब डॉलर था।

नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी-जून की अवधि में पीई द्वारा रियल एस्टेट सेक्टर में किए गए कुल निवेश का 52 प्रतिशत वेयरहाउसिंग में आया है। इसमें से रेजिडेंशियल में 29 प्रतिशत और ऑफिस में 20 प्रतिशत निवेश हुआ है। रेजिडेंशियल सेक्टर में पीई निवेश 2024 की पहली छमाही में 209 प्रतिशत बढ़कर 854 मिलियन हो गया है, जो कि एक वर्ष पहले 277 मिलियन था।

मुंबई में पीई निवेश 2024 की पहली छमाही में बढ़कर 1.70 अरब डॉलर हो गया है, जो कि 2023 की पहली छमाही में 1.24 अरब डॉलर था। बेंगलुरु में करीब 20 प्रतिशत पीई निवेश आया है, जो कि 581 मिलियन डॉलर था।

## 2030 तक हैदराबाद जीसीसी में 3,600 करोड़ रुपए का निवेश करेगी सनोफी हेल्थकेयर

नई दिल्ली




फ्रांसीसी दवा कंपनी सनोफी हेल्थकेयर इंडिया अगले छह साल में हैदराबाद में अपने ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर (जीसीसी) में लगभग 3,600 करोड़ रुपये (40 करोड़ यूरो) का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि इसमें 2025 तक लगभग 900 करोड़ रुपये (10 करोड़ यूरो) का निवेश किया जाएगा। उसकी योजना 2026 तक 1,600 अतिरिक्त नौकरियां सृजित करने की भी है।

सनोफी में बिजनेस ऑपरेशंस की कार्यकारी उपाध्यक्ष मैडेलीन रोच ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हैदराबाद जीसीसी का विस्तार कर अगले दो साल में कर्मचारियों की संख्या लगभग 2,600 की जाएगी, जिससे यह सनोफी के चार वैश्विक केंद्रों में सबसे बड़ा हो जाएगा।''

हैदराबाद में 2019 में स्थापित जीसीसी में फिलहाल 1,000 कर्मचारी हैं। सनोफी के अन्य जीसीसी बुडापेस्ट, मलेशिया और कोलंबिया में हैं।

रोच ने कहा कि अब यह सुविधा महज एक मेडिकल हब होने की बजाय तेजी से विकसित होकर दुनिया भर में फर्म के वैश्विक कार्यों और सहयोगियों को विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रही है।

विस्तार के साथ-साथ कंपनी का लक्ष्य भारत में अपनी उपस्थिति और अपने वैश्विक परिचालन को भी बढ़ाना है।

इस कदम से करीब 2,600 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे यह सनोफी के वैश्विक केंद्रों में सबसे बड़ा बन जाएगा।

इसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित पहली बायोफार्मा कंपनी बनने की भी उम्मीद है।

यहां डेटा वैज्ञानिकों और सॉफ्टवेयर इंजीनियरों जैसे तकनीकी प्रोफाइल वाले लोगों की नियुक्ति की जाएगी।

## भारतीय मूल के खिलाड़ी, जिन्होंने ओलंपिक में दूसरे देशों के लिए जीते पदक

नईदिल्ली

पेरिस ओलंपिक का आगाज 26 जुलाई से होने वाला है, जिसमें दुनिया भर के लगभग 10,500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।पिछले टोक्यो ओलंपिक में भारत की झोली में कुल 7 पदक आए थे और भारतीय दल के खिलाड़ी आगामी संस्करण में पदक संख्या में इजाफा करना चाहेंगे।इस बार भारत के 117 खिलाड़ी दम दिखाने के लिए तैयार हैं।आइए उन खिलाडियों के बारे में जानते हैं, जो भारतीय मूल के होकर दूसरे देशों के लिए पदक जीत चुके हैं।



साल 2004 के ओलंपिक खेल एथेंस में खेले गए थे। अमेरिका की जिमनास्ट मोहिनी भारद्वाज, जिनका जन्म फिलाडेल्फिया, पेंसिल्वेनिया में हुआ था। उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया था।मोहिनी पहली भारतीय-अमेरिकन थी, जिन्होंने ओलंपिक में पदक अपने नाम किया था।वह मूल रूप से उत्तर भारत की रहने वाली हैं। उनके पिता का नाम अरुण भारद्वाज और माता का नाम इंदू है। मोहिनी ने 4 साल की उम्र से ही इस खेल का अभ्यास करने लगी थीं।

एक अन्य अमेरिकी जिमनास्ट खिलाड़ी राज भावसार, जिनका जन्म अमेरिका के ह्यूस्टन, टेक्सास में हुआ था।उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। भावसार के पिता वडोदरा, गुजरात से हैं और उनकी मां का जन्म कंपाला, युगांडा में हुआ था।भावसार ने अपनी शुरुआती शिक्षा गुजरात में पूरी की थी। उनके पिता काम के तलाश के लिए अमेरिका गए थे और वहीं के होकर रह गए। भावसार ने अमेरिका में ही जिमनास्टिक सिखी थी।

साल 2016 का ओलंपिक रियो में खेला गया था। उस संस्करण में राजीव राम ने दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स के साथ मिलकर अमेरिका के लिए मिक्स्ड डबल्स में रजत पदक जीता था।राजीव मूल रूप से कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के रहने वाले हैं।उन्होंने अमेरिका के लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन भी खेला है। हालांकि, उन्होंने इन टूर्नामेंट में कोई ट्रॉफी अपने नाम नहीं की है।

## भारत और पाकिस्तान की टक्कर, स्मृति-शेफाली के सामने निदा डार की चुनौती

दांबुला



महिला एशिया कप 2024 का आगाज आज यानी 19 जुलाई से होने जा रहा है। क्रिकेट फैंस के लिए खास बात ये है कि इस टूर्नामेंट के पहले ही दिन भारत और पाकिस्तान की टक्कर होगी। यह मैच श्रीलंका के दांबुला में होगा, जो भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से शुरू होगा।

क्रिकेट जगत की दो चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने-सामने है। इस मुकाबले को लेकर दोनों देशों के बीच काफी उत्साह रहता है। भारत का अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ बेहतर रिकॉर्ड है। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है जबकि पाकिस्तान ने मात्र तीन मुकाबले अपने नाम किए।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक खतरनाक सलामी जोड़ी है। वहीं पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। ये स्टार ऑलराउंडर गेंदबाजी के दौरान विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए रन भी बनाती हैं। पाकिस्तान के लिए सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। ये दोनों खिलाड़ी भारत को कड़ी टक्कर दे सकती हैं।

महिला एशिया कप में अब तक भारतीय टीम का राज रहा है। उन्होंने आठ में से सात बार इस ट्रॉफी को जीता है और इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम गत विजेता के तौर पर भी प्रवेश करेगी जबकि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड टूर्नामेंट में भारत से काफी पीछे है।

## बैड न्यूज का नया गाना रब्ब वरगा रिलीज, विक्की और तृप्ति की केमिस्ट्री ने जीता दिल




बैड न्यूज इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बीच दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना जारी किया है, जो एक रोमांटिक गाना है, जिसे विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी के बीच फिल्माया गया है। दोनों इस गाने में रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और खूबसूरत जगहों पर रोमांस का तडक़ा लगा रहे हैं। नए गाने का शीर्षक रब्ब वरगा है।

फिल्म बैड न्यूज की रिलीज से ठीक एक दिन पहले एल्बम का एक नया गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया। रब्ब वरगा अभिजीत श्रीवास्तव द्वारा रचित एक खूबसूरत रचना है, जिसे जुबिन नौटियाल की मधुर आवाज में गाया गया है, जिसमें शायरा अपूर्वा के दिल को छू लेने वाले बोल हैं।

## सूर्यकुमार यादव के टी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान बेहद शानदार हैं आंकड़े

नईदिल्ली

सूर्यकुमार यादव को 27 जुलाई से मेजबान श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाली 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है।उन्होंने बतौर कप्तान रोहित शर्मा की जगह ली, जिन्होंने भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाने के बाद इस प्रारूप से संन्यास ले लिया। सूर्यकुमार को बतौर कप्तान हार्दिक पांड्या पर तरहीज दी है।यहां हम सूर्यकुमार के टी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

सूर्यकुमार ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बतौर कप्तान अपनी शुरुआत की थी।उस सीरीज में सूर्यकुमार ने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया और भारत ने सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमा लिया।उसके बाद उन्होंने भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 1-1 से बराबरी दिलाई। ऐसे में सूर्यकुमार के नेतृत्व में भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 जीत और 2 हार दर्ज की हैं।

सूर्यकुमार ने अब तक 24 टी-20 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से 16 में उन्होंने जीत दर्ज की है।उन्होंने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 40.50 की औसत से 810 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 165.64 की रही है।इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और एक शतक भी जड़ा है। यह शतकीय पारी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में आई थी।कप्तान सूर्यकुमार के नाम 164.83 की स्ट्राइक रेट से 300 टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं।

सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी कप्तानी की है। उन्होंने आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी।उस मैच में इस धाकड़ खिलाड़ी ने 25 गेंदों में 43 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जिससे 5 बार की चैंपियन टीम ने 17.4 ओवर में 186 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।सूर्यकुमार ने अपनी शानदार पारी में 4 चौके और 3 छक्के भी जड़े थे।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है।

***वृष :*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन व्यवस्थित और मन मुताबिक तरीके से बीतेगा। आज आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई उपलब्धि मिलने की उम्मीद है।

***मिथुन:*** आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन- मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी उलझन हो सकती है। आज आपको एक तरफा सोचने से बचना चाहिए।

***सिंह:*** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा-सा गिफ्ट कर सकते हैं।

***कन्या:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

***तुला:*** आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। रुके हुये कुछ खास काम, आज पूरे होंगे इससे आपको प्रसन्नता होगी।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आज आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। नवविवाहित दंपत्ति आज हर बात समझने की कोशिश करेंगे। आज दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

***धनु:*** आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे।

***मकर:*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है।

***कुंभ:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे, जिनमें आप सफल भी होंगे।

***मीन:*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते में मजबूती बरकरार रहेगी।

## तापसी पन्नू स्टारर फिर आई हसीन दिलरुबा की रिलीज डेट आई सामने



तापसी पन्नू साल 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर एक फिल्म लेकर आईं थीं, जिसका नाम था हसीन दिलरुबा. यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी, जिसकी कहानी ने सभी का दिल जीत लिया था. फिल्म में तापसी के अलावा विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे भी अहम भूमिका में नजर आए थे. फिल्म की कहानी एक ऐसी पत्नी की होती है, जिसके पति की हत्या में शक उसपर गहराता है. अब मेकर्स इस फिल्म का दूसरा पार्ट रिलीज करने वाले हैं, जिसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है.

अब तापसी पन्नू फिर से हसीन दिलरुबा बनकर लौटने वाली हैं. नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म रिलीज होने वाली है, जिसकी रिलीज डेट से मेकर्स ने पर्दा उठा दिया है. इस फिल्म की घोषणा कुछ वक्त पहले मेकर्स ने एक छोटे से टीजर के जरिए की थी. तब से फैंस इस फिल्म के ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार कर रहे थे. अब रिलीज डेट के लिए भी मेकर्स ने एक शानदार टीजर रिलीज किया है, जो कि काफी रोमांचक है.

टीजर की शुरुआत ऋषि कपूर की फिल्म कर्ज के गाने इस हसीना थी, इक दीवाना था के जरिए होती है. फिर तापसी पन्नू की किताब के साथ एक फोटो सामने आती है और आवाज आती है कि '9 अगस्त को टपकेगा खून, आएगा कातिलाना मानसून'. इसके बाद विक्रांत मैसी की एंट्री होती है और किताब पर लिखा होता है, '9 अगस्त की हसीन रात दिलरुबा के साथ'. फिल्म में इस बार विक्की कौशल के भाई सनी कौशल भी नजर आए हैं. उनकी एंट्री के साथ किताब पर लिखा होता है, '9 अगस्त को दिल पिघलेंगे, इश्क का जहर निगलेंगे'. फिर वॉइसओवर चलता है कि, 'सबको इश्क का पाठ पढ़ाने फिर आई हसीन दिलरुबा 9 अगस्त को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर'.

बता दें कि इस फिल्म के पहले पार्ट में तापसी पन्नू ने रानी का किरदार निभाया हैं और विक्रांत मैसी ऋषभ सक्सेना उनके पति की भूमिका में होते हैं. हसीन दिलरुबा विनी मैथ्यू द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित है. इसके अलावा तापसी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अगली बार अपनी कॉमेडी ड्रामा फिल्म वो लडक़ी है कहां में नजर आने वाली हैं.


## शब्द सामर्थ्य- 123

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा–जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने–पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 122 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र122का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |